**1. पाठ से**

(क) मारिया को किस कार्य के लिए सम्मानित किया गया?

**उत्तर**

मारिया ने कई किताबों का हिंदी से हंगेरियन तथा हंगेरियन से हिंदी में अनुवाद किया। इसके अलावा उन्होंने हिंदी भाषा पर गहन अध्यन कर इस वैश्विक स्तर पर बढ़ावा देने का काम किया इसलिए मारिया को सम्मानित किया गया।

(ख) मारिया ने अनेक भाषाओं का अध्ययन क्यों किया?

**उत्तर**

मारिया ने इंसानी जीवन के शुरूआती दौर को जानने के लिए अनेक भाषाओं का अध्ययन किया।

(ग) मारिया बुडापेस्ट में कौन-सी भारतीय पोशाक पहनना पसंद करती हैं और क्यों?

**उत्तर**

मारिया बुडापेस्ट में भारतीय पोशाक पहनती हैं। वे सलवार सूट ठंड की वजह से पहनती हैं।

**9. दो-दो समान अर्थ**

नीचे एक शब्द के दो समान अर्थ दिए गए हैं। जैसे–
नमूना–धरती –पृथ्वी, धरा

अब तुम भी इन शब्दों के दो-दो समान अर्थ लिखो

| **(क)** | **दोस्त** | **-** | **............** | **............** |
|---|---|---|---|---|
| **(ख)** | माँ | - | ............ | ............ |
| **(ग)** | पानी | - | ............ | ............ |
| **(घ)** | नारी | - | ............ | ............ |

**उत्तर**

| **(क)** | **दोस्त** | **-** | **मित्र, सखा, सहचर, मीत** |
|---|---|---|---|
| **(ख)** | माँ | - | माता, जननी, अंबा, अंबिका |
| **(ग)** | पानी | - | जल, नीर, पय, वारि, तोय, सलिल |
| **(घ)** | नारी | - | महिला, स्त्री, वनिता, कामिनी, औरत |

11. नीचे दिए गए वाक्यों को सही शब्दों से पूरा करो -

(क) रमा ने कमरे में फूल ................ दिए (सज़ा/सजा)

(ख) माँ दही .................. भूल गई। (ज़मान/जमाना)

(ग) घोड़ा .............. दौड़ता है। (तेज़/तेज)

(घ) शीला ने मुझे एक ............. की बात बताई। (राज/राज़)

(ङ) उदित सितार बजाने के ................ में माहिर है। (फ़न/फन)

(च) कप में .............. सी चाय बची थी। (जरा/ज़रा)

**उत्तर**

(क) रमा ने कमरे में फूल <u>सजा</u> दिए। (सज़ा/सजा)

(ख) माँ दही <u>जमाना</u> भूल गई। (ज़मान/जमाना)

(ग) घोड़ा <u>तेज़</u> दौड़ता है। (तेज़/तेज)

(घ) शीला ने मुझे एक <u>राज़</u> की बात बताई। (राज/राज़)

(ङ) उदित सितार बजाने के <u>फ़न</u> में माहिर है। (फ़न/फन)

(च) कप में <u>ज़रा</u> सी चाय बची थी। (जरा/ज़रा)